अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

संख्या 56 | श्री विजय पुरम, बुधवार, 26 फरवरी 2025 | web: www. and.ni


# लिटिल अण्डमान में आदिवासी किसानों के लिए बागान फसलों में अंतरफसल पर प्रशिक्षण संचालित




श्री विजय पुरम, 25 फरवरी

आदिवासी किसानों के लिए बागान फसलों पर आधारित फसल प्रणाली पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 फरवरी को लिटिल अण्डमान के हरमिंदर बे में आईसीएआर–एआईसीआरपी के बागान फसलों पर परियोजना के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 25 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजीत अरुण वामन ने बागानों के लिए उपयुक्त अंतरफसलों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और प्रतिभागियों को समूहों में गतिविधि करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि बाज़ारों में बेचने के लिए पर्याप्त उपज पैदा हो सके।

सीआईएआरआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनकी मांग के अनुसार, आगामी मानसून के मौसम के दौरान अंतरफसल प्रणाली के साथ सामुदायिक बागान की स्थापना के लिए अनुसूचित जनजाति घटक के तहत आदिवासी परिषद को सुपारी की उन्नत किस्मों की गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री भी प्रदान की गई। आदिवासी परिषद के सचिव श्री फेस्टस और प्रथम कैप्टन श्री एंड्रयू मोसेस ने समन्वयक और संस्थान को बहुमूल्य जानकारी और प्रत्यक्ष इनपुट के लिए आभार व्यक्त किया।